भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3842
(11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देना

3842. श्रीमती मालविका देवी:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और मंत्रालय की अन्य योजनाओं जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ओडिशा के कलाहांडी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और नुआपाड़ा जिले में ग्रामीण युवाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पहल की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान कलाहांडी और नुआपाड़ा जिलों में स्थापित किए गए ग्रामीण उद्यमों की संख्या और उनसे सृजित रोजगार का योजना-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का कलाहांडी और नुआपाड़ा में आकांक्षी उद्यमियों, विशेष रूप से महिलाओं और जनजातीय युवाओं के लिए समर्पित ग्रामीण व्यवसाय इनक्यूबेशन केंद्र, उद्यमिता सुविधा केंद्र या परामर्श और निरंतर सहायता तंत्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है; और
(घ) यदि हां, तो प्रस्तावित वित्तीय सहायता, कार्यान्वयन की समय-सीमा और कलाहांडी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कृषि, बाजरा, वनोपज, हस्तशिल्प और अन्य स्थानीय आजीविका कार्यकलापों में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए किए गए उपायों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी)

(क) एवं (ख) ग्रामीण विकास मंत्रालय, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत, ओडिशा के कालाहांडी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और नुआपाड़ा जिले सहित पूरे देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 18-50 वर्ष आयु

वर्ग के ग्रामीण युवाओं हेतु ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) कार्यक्रम कार्यान्वित करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वरोजगार और सूक्ष्म-उद्यम विकास है, जिसमें न्यूनतम 70% नियोजन (अधिकतम 10% मजदूरी रोजगार सहित) का अधिदेश है, साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद दो वर्ष तक प्रशिक्षुओं को ऋण सुविधा और हैंडहोल्डिंग सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के अंतर्गत ओडिशा आजीविका मिशन (ओएलएम), ओडिशा के कालाहांडी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और नुआपाड़ा जिले में ग्रामीण युवाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहल कर रहा है। कौशल विकास, उद्यमिता उन्मुखीकरण और क्षमता निर्माण, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (आरसेटी) के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं, जो स्वरोजगार उद्यम और सूक्ष्म-उद्यम स्थापित करने के लिए ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क कौशल-आधारित आवासीय प्रशिक्षण, उद्यमिता विकास, परामर्श और प्रशिक्षणोपरांत हैंडहोल्डिंग सहायता प्रदान करते हैं। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) बैंक लिंकेज और ब्याज उपादान के माध्यम से संस्थागत ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है।

कालाहांडी और नुआपाड़ा जिलों में विगत तीन वर्षों के दौरान स्थापित ग्रामीण उद्यमों की संख्या और उनसे सृजित रोजगार का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) एवं (घ) वर्तमान में, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) योजना के अंतर्गत विशेषीकृत ग्रामीण व्यवसाय इन्क्यूबेशन केंद्र, उद्यमिता सुविधा केंद्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, कालाहांडी और नुआपाड़ा में विद्यमान आरसेटी, स्वरोजगार और स्थाई सूक्ष्म-उद्यमों की स्थापना को सुगम बनाने हेतु महिलाओं और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के युवाओं सहित इच्छुक उद्यमियों को उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी), कौशल प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और प्रशिक्षणोपरांत हैंडहोल्डिंग सहायता प्रदान करते हैं। विगत तीन वर्षों के दौरान आरसेटी के अंतर्गत महिलाओं और अनुसूचित जनजाति (एसटी) उम्मीदवारों का निष्पादन **अनुबंध-II (क) और अनुबंध-II (ख)** में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, आरसेटी एक मांग-आधारित योजना है; अतः निधियां राज्यवार आवंटित नहीं की जाती हैं। तथापि, महिलाओं सहित सभी श्रेणियों के लिए निधियां संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समग्र रूप से सीधे जारी की जाती हैं। विगत तीन वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य को आरसेटी कार्यक्रम के अंतर्गत जारी निधियों का ब्यौरा इस प्रकार है: 2023-24 में ₹1,250.76 लाख, 2024-25 में ₹1,464.00 लाख, और 2025-26 में ₹2,119.86 लाख। इस प्रकार, उक्त अवधि के दौरान राज्य को कुल ₹4,834.62 लाख जारी किए गए हैं।

इसके अलावा, स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम (एसवीईपी) के अंतर्गत, संबंधित जिलों में उद्यमिता सुविधा सहायता का विस्तार किया जा रहा है। वर्ष 2026-27 में, कालाहांडी जिले के केसिंगा ब्लॉक का चयन एसवीईपी के अंतर्गत किया गया है। यह कार्यक्रम चार वर्षों की अवधि में लगभग 2,400 सूक्ष्म उद्यमों को सहायता प्रदान करेगा, जिसके कार्यान्वयन हेतु लगभग ₹6.50 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

इसके अतिरिक्त, एसवीईपी के अंतर्गत सूक्ष्म उद्यम विकास (एमईडी) कार्यक्रम के तहत कालाहांडी जिले के धर्मगढ़ ब्लॉक और नुआपाड़ा जिले के बोडेन ब्लॉक का चयन किया गया है। इन ब्लॉकों को अठारह माह की अवधि के लिए सहायता प्रदान की जाएगी, जिसके दौरान प्रत्येक ब्लॉक में लगभग 200 सूक्ष्म और नैनो उद्यमों को सहायता दी जाएगी। क्षमता निर्माण, हैंडहोल्डिंग और प्रशासनिक सहायता हेतु प्रति ब्लॉक ₹20 लाख की राशि का प्रावधान किया गया है। कार्यशील पूंजी सहायता, ग्राम पंचायत स्तरीय संघों (जीपीएलएफ) के पास उपलब्ध सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जिसे बैंक लिंकेज के माध्यम से पूरक बनाया जाएगा। इन कार्यकलापों के अंतर्गत कृषि, मोटे अनाज, वन उत्पाद, हस्तशिल्प और अन्य स्थानीय आजीविका गतिविधियों जैसे क्षेत्रों में उद्यमों को बढ़ावा दिया जाएगा।

*****

अनुबंध

"ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देना" के संबंध में दिनांक 11.08.2026 को लोक सभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3842 के भाग (क) एवं (ख) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध-।

वित्तीय वर्ष	एसबीआई कालाहांडी			एसबीआई नुआपाड़ा		
	प्रशिक्षित	नियोजित	स्व-नियोजित	प्रशिक्षित	नियोजित	स्व-नियोजित
2023-24	700	561	561	644	580	580
2024-25	1000	802	802	918	830	830
2025-26	1002	728	728	927	687	685

"ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देना" के संबंध में दिनांक 11.08.2026 को लोक सभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3842 के भाग (ग) एवं (घ) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध-।। (क)

आरसेटी के अंतर्गत महिला उम्मीदवारों का निष्पादन

वित्तीय वर्ष	एसबीआई कालाहांडी			एसबीआई नुआपाड़ा		
	प्रशिक्षित	नियोजित	स्व-नियोजित	प्रशिक्षित	नियोजित	स्व-नियोजित
2023-24	574	497	497	499	525	525
2024-25	879	743	743	769	710	710
2025-26	924	703	703	764	575	573

"ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देना" के संबंध में दिनांक 11.08.2026 को लोक सभा में उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3842 के भाग (ग) एवं (घ) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध-।। (ख)

आरसेटी के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति (एसटी) उम्मीदवारों का निष्पादन

वित्तीय वर्ष	एसबीआई कालाहांडी			एसबीआई नुआपाड़ा		
	प्रशिक्षित	नियोजित	स्व-नियोजित	प्रशिक्षित	नियोजित	स्व-नियोजित
2023-24	241	181	181	230	193	193
2024-25	229	215	215	256	215	215
2025-26	238	184	184	286	199	199

*****